an>

Title: Need to provide broadband connectivity to ninety three (93) post offices in Rajasthan.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं बहुत महत्वपूर्ण विषय को सदन में प्रस्तुत करते हुए राजस्थान के ग्रामीण पोस्ट ऑफिसेस में ब्रॉडबैंड की सुविधा की तकलीफ के बारे में आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूं। हमारे एरिया राजस्थान में ब्रॉडबैंड की सुविधा 94 पोस्ट ऑफिसेस में नहीं है और इसका कारण भारत संचार निगम लिमिटेड और पोस्ट ऑफिसेस के बीच में हुआ वह करार है जिसके अन्तर्गत ब्रॉडबैंड पोस्ट ऑफिसेस को कॉपर मीडिया के मार्फत दिया जाएगा और कॉपर मीडिया की जो स्ट्रेंग्थ है, वह तीन किलोमीटर की है। यदि टेलीफोन एक्सचेंज से कोई पोस्ट ऑफिस तीन किलोमीटर से ज्यादा दूर है, तो उसे उस मीडिया के मार्फत ब्रॉडबैंड नहीं मिल सकता है। ऐसी स्थिति में यदि कोई पोस्ट ऑफिस ब्रॉडबैंड की सुविधा चाहता है तो उसके लिए फाइबर मीडिया की जरूरत पड़ेगी।

अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि तुरन्त प्रभाव से ग्रामीण पोस्ट ऑफिसेस को यह परमीशन दी जाए कि वे फाइबर मीडिया से भी कनैक्शन ले सकें, ताकि ग्रामीण पोस्ट ऑफिसेस में सीधे ब्रॉडबैंड की सुविधा चालू हो सके। धन्यवाद।

HON. SPEAKER:

Shri Devji Patel,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Shri Rodmal Nagar,

Dr. Manoj Rajoria,

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Subhash Chandra Baheria.